# नई बस्ती में न सड़क, न नाली, गंदगी और मच्छरों से परेशानी

**खास बातें**
- वार्ड 3 की बस्ती में बदहाली बरकरार
- स्वच्छता अभियान सड़कों तक सीमित,वर्षों से सिर्फ आश्वासन



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 11 अप्रैल, भाजपा द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर शहर में स्वच्छता अभियान सप्ताह मनाते हुए गांधी चौक स्थित राम जानकी मंदिर के बाहर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया, लेकिन शहर की बस्तियों के अंदर की वास्तविक स्थिति इससे अलग नजर आ रही है.वार्ड क्रमांक 3 की नई बस्ती में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है. यहां न सड़क है और न ही नालियों की व्यवस्था, जिसके कारण रहवासियों को कीचड़ और गंदगी के बीच से गुजरना पड़ रहा है.** खाली प्लॉटों में गंदा पानी भरा होने से मच्छरों की भरमार है और बीमारियों का खतरा बना हुआ है.स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले चार वर्षों से इस समस्या को नगर पालिका परिषद की बैठकों में उठाया जा चुका है. फाइलें भी बनीं और आश्वासन मिला कि जल्द ही सड़क और नाली का निर्माण कराया जाएगा, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्य नहीं हुआ. हालात यह हैं कि लोग मजबूरी में इस बस्ती को छोड़कर अन्य स्थानों पर बसने लगे हैं.

### पिछड़ी बस्तियों में जल्द होंगे छोटे कार्य, सड़क-नाली सुधार का दावा-सांसद प्रतिनिधि

इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद देवेंद्र यादव का कहना है कि अब छोटे-छोटे कार्य ही शेष हैं और पिछड़ी बस्तियों में सड़क, नालियों और क्षतिग्रस्त रैंप को दुरुस्त कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं.स्थानीय नागरिकों की मांग है कि जनप्रतिनिधि केवल मुख्य सड़कों पर प्रतीकात्मक स्वच्छता अभियान तक सीमित न रहें, बल्कि बस्तियों में पहुंचकर वास्तविक समस्याओं का समाधान करें, ताकि लोगों को नारकीय जीवन से राहत मिल सके.

### आवास योजना में पक्षपात के आरोप, नई बस्ती में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना संकट

रहवासियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना में भी पक्षपात के आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि जहां वास्तव में जरूरत है, वहां केवल औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं, जबकि सक्षम क्षेत्रों में आवास स्वीकृत किए जा रहे हैं.बस्ती में स्ट्रीट लाइट और विद्युत पोल की भी समुचित व्यवस्था नहीं है. कई स्थानों पर मकानों के ऊपर से विद्युत लाइनें गुजर रही हैं, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं. लटकती तारों के कारण करंट लगने का खतरा लगातार बना हुआ है.रहवासियों का कहना है कि शहर में बड़े-बड़े विकास कार्य किए गए, लेकिन पिछड़ी बस्तियों की ओर ध्यान नहीं दिया गया. अब परिषद द्वारा यह कहा जा रहा है कि शेष एक वर्ष में छोटे-छोटे कार्य किए जाएंगे, लेकिन लोगों को इसके परिणाम को लेकर संदेह है.

# आरओ वॉटर प्लांटों पर छापा, नमूने जांच हेतु भेजे

**सिरोंज में संयुक्त टीम की कार्रवाई**

**स्वच्छता व गुणवत्ता पर दिए सख्त निर्देश**





**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज 11 अप्रैल, जिला प्रशासन द्वारा पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सिरोंज तहसील में आरओ वाटर प्लांटों पर औचक निरीक्षण कर नमूने जांच हेतु भेजे गए. यह कार्यवाही कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार की गई.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभिहित अधिकारी डॉ. रामहित कुमार एवं डिप्टी कलेक्टर अनिल कछवारे के निर्देशन में एसडीएम सिरोंज, नायब तहसीलदार, पटवारी तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी की संयुक्त टीम का गठन किया गया. निरीक्षण के दौरान टीम ने छत्री नाका, रोहिलपुरा सिरोंज बायपास, मंडी बायपास रोड तथा सिरोंज बायपास स्थित वाटर प्लांट का औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण दल द्वारा इन स्थानों से आरओ वाटर के नमूने एकत्रित कर प्रयोगशाला जांच हेतु भेजे गए हैं. साथ ही आरओ मशीन, चिलर मशीन, फिल्टर सिस्टम आदि की बारीकी से जांच की गई. टीम ने संबंधित संचालकों को पानी के कैम्पर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए. साथ ही कहा कि पेयजल की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में संचालित आरओ प्लांट संचालकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई. अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. यह अभियान आम नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.

### मुबीन शीशगर बने कांग्रेस एकता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा.** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी विदिशा के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी की अनुशंसा पर कांग्रेस सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सच सलूजा द्वारा मुबीन शीशगर को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है.मुबीन शीशगर नगर पालिका विदिशा के वार्ड क्रमांक 8 से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी भी रह चुके हैं. उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं और सहयोगियों में उत्साह का माहौल है.इस अवसर पर पूर्व प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस फज़्ल शेख, जयंत अग्रवाल, आसिफ खान (प्रवक्ता), आसिफ मियां, कौशिक साराठे, शावाज खान, सोमिल अग्रवाल, आकिब शेख, फैज़ान राईन, जाहिद मामू सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं.




## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता हुई आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई.** शासकीय महाविद्यालय कुरवाई, जिला विदिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. ए. के. चतुर्वेदी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया.प्रतियोगिता से पूर्व विक्रांत कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जल के महत्व को समझने और प्रतियोगिताओं में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया.भाषण प्रतियोगिता में मुस्कान अहिरवार, प्रतीक्षा प्रजापति, सानिया खान, फायजा खान सहित अन्य विद्यार्थियों ने भाग लेकर जल संरक्षण पर अपने विचार प्रस्तुत किए.कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. ए. के. चतुर्वेदी ने कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और सभी को इस दिशा में जागरूक होकर कार्य करना चाहिए. उन्होंने सेवा कार्यों के माध्यम से अभियान को सफल बनाने और विद्यार्थियों से अपनी भूमिका निभाने की अपील की.कार्यक्रम का संचालन अक्षय कुमार तिवारी ने किया.

# ई-उपार्जन पोर्टल बना किसानों के लिए मुसीबत

**स्लॉट बुकिंग में अड़चन से बढ़ी परेशानी**

**छोटे किसान 'पुन: सत्यापन' में अटके, बड़े किसान वेटिंग में; हजारों क्विंटल गेहूं खुले में पड़ा**



**नवभात न्यूज**
**नटेरन, 7 अप्रैल से शुरू हुई ई-उपार्जन वेबसाइट पर स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया ने किसानों की परेशानी कम करने के बजाय और बढ़ा दी है. शुरुआती दो दिनों तक विदिशा जिले के लिए पोर्टल उपलब्ध ही नहीं था, और जब शुरू हुआ तो नई दिक्कतें सामने आ गईं.**

प्रशासन का दावा है कि छोटे किसानों को प्राथमिकता देते हुए पहले उनके स्लॉट बुक किए जा रहे हैं, जबकि 10 बीघा से अधिक रकबे वाले किसानों को वेटिंग लिस्ट में रखा गया है. हालांकि नटेरन क्षेत्र की जमीनी हकीकत इस दावे से अलग नजर आ रही है.छोटे किसानों के पोर्टल स्टेटस में पुन: सत्यापन हेतु शेष और ट्रायल पेमेंट विफल जैसे संदेश दिखाई दे रहे हैं, जिससे वे खरीदी प्रक्रिया से बाहर हो रहे हैं. किसान केंद्रों और ऑनलाइन प्रक्रिया के बीच चक्कर काटने को मजबूर हैं.वहीं बड़े किसानों के लिए स्थिति और भी गंभीर है. अधिक रकबे के कारण उनके स्लॉट बुक नहीं हो पा रहे हैं, जिससे वे अपनी उपज औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर हो सकते हैं. इससे मंडियों में किसानों और व्यापारियों के बीच टकराव की स्थिति भी बन रही है.क्षेत्र में हजारों क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है. एक ओर मौसम की अनिश्चितता का खतरा है, तो दूसरी ओर पोर्टल की तकनीकी समस्याएं किसानों की चिंता बढ़ा रही हैं.किसानों का आरोप है कि सुविधा के नाम पर बनाई गई व्यवस्था अब उनके लिए सबसे बड़ी दुविधा बन गई है. उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पोर्टल की तकनीकी खामियों को दूर कर खरीदी प्रक्रिया सुचारू की जाए.इस संबंध में तहसीलदार आनंद जैन ने बताया कि स्थानीय स्तर पर कोई समस्या नहीं है और यह तकनीकी दिक्कत एनआईसी स्तर की है, जिसे एक-दो दिन में ठीक कर लिया जाएगा.

## बिजासन माता मंदिर में भागवत कथा का द्वितीय दिवस संपन्न, शिव विवाह की झांकी ने बांधा समां

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,बरेठ रोड स्थित मां बिजासन माता मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस का आयोजन भक्ति और श्रद्धा के माहौल में संपन्न हुआ. इस अवसर पर आचार्य श्री पंडित सुनील शास्त्री जी ने भगवान विष्णु की भक्ति का महत्व बताते हुए कथा का प्रारंभ आत्मदेव ब्राह्मण के प्रसंग से किया.**

उन्होंने आत्मदेव ब्राह्मण के पुत्र धुंधकारी को भागवत कथा के माध्यम से मोक्ष प्राप्ति का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे. इसके पश्चात भगवान के विभिन्न अवतारों का विस्तार से वर्णन किया गया.प्रवचन के दौरान आचार्य श्री ने गौ सेवा को जीवन का अत्यंत आवश्यक अंग बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में गौ माता की स्थिति चिंताजनक है. उन्होंने कहा कि गौ माता मनुष्य को अनेक प्रकार के सुख प्रदान करती है तथा गौ दुग्ध के सेवन से दीर्घायु प्राप्त होती है. साथ ही पंचगव्य को जीवन का अमृत बताते हुए इसके औषधीय महत्व पर भी प्रकाश डाला.उन्होंने जीवन में ईश्वर की कृपा, बड़ों के आशीर्वाद और सत्कर्मों के महत्व पर जोर देते हुए सभी को निरंतर अच्छे कार्य करने की प्रेरणा दी.कथा के उपरांत शिव विवाह की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई, जिसमें भक्तों ने बारात का आनंद लिया. श्रद्धालुओं ने भगवान शिव एवं माता पार्वती के चरण पखार कर धर्म लाभ अर्जित किया. अंत में आरती के साथ कथा का समापन हुआ.इस अवसर पर विजय सिंह, रविशंकर लोहिया, केशव सिंह लाहोरी, ऋषभ यादव, पप्पू भाई, रविंद्र सिंह, पुरुषोत्तम कुशवाहा, जितेंद्र नामदेव एवं श्री जोशी जी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे और आरती में सहभागिता की.

# हजारों शिक्षकों ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन

**पात्रता अनिवार्यता समाप्त करने व सेवा अवधि की गणना की मांग को लेकर शिक्षकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन**

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने एवं सेवा अवधि की गणना नियुक्ति दिनांक से करने की मांग को लेकर आंदोलन के द्वितीय चरण में मंगलवार शाम बड़ा प्रदर्शन किया गया.**

जनपद पंचायत परिसर में हजारों की संख्या में शिक्षक एकत्रित हुए और रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह पहुंचे. यहां जिलाध्यक्ष पृथ्वीसिंह रघुवंशी के नेतृत्व में शिक्षकों ने विधायक हरि सिंह रघुवंशी को ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन में बताया गया कि आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय एवं आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त नॉन-ज्ञश्वज्ञ शिक्षकों को ज्ञश्वज्ञ उत्तीर्ण करने के निर्देश जारी किए गए हैं, जो कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की 10 अगस्त 2010 की अधिसूचना के प्रावधानों के विपरीत हैं.शिक्षकों ने बताया कि अधिसूचना के अनुसार 3 सितंबर 2001 के पहले एवं बाद में नियुक्त तथा 2011 से 2014 के बीच गुरुजी से संविदा शिक्षक बने शिक्षकों को ज्ञश्वज्ञ से छूट प्रदान की गई है. इस संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय में भी स्पष्ट उल्लेख किया गया है, इसके बावजूद सभी नॉन-ज्ञश्वज्ञ शिक्षकों पर परीक्षा अनिवार्य करना नियमों के विरुद्ध है.मोर्चा ने मांग की कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा 2 मार्च 2026 एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 26 मार्च 2026 को जारी आदेशों को तत्काल निरस्त किया जाए, ताकि प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख शिक्षकों को अनावश्यक मानसिक तनाव से राहत मिल सके.इसके साथ ही नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों की सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से किए जाने की मांग भी उठाई गई. शिक्षकों का कहना है कि इससे पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण सहित अन्य वैधानिक लाभ सुनिश्चित हो सकेंगे.इस दौरान सैयद शफाकत हुसैन कादरी, अमर सिंह तोमर, विनोद श्रीवास्तव, रामराज सिंह दांगी, सुनील रघुवंशी, अरुण रघुवंशी, प्रकाश दीक्षित, अजय सक्सैना, अमित श्रीवास्तव, अफजल रिजवी, शमशीर अली, जितेंद्र नामदेव, नंदकिशोर, संजीव रघुवंशी, एलआर अहिरवार, भगवती देवी, अनीता ठाकुर, माधवी भाटिया, रश्मि तोमर, प्रमिला रघुवंशी, किरण चौरसिया, निशा गुप्ता, ऊषा रघुवंशी, ममता साध्य, ममता लोधी, वंदना तिवारी, बबीता अरोरा, अर्चना, सरिता पाल सहित हजारों शिक्षक उपस्थित रहे.

### टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**सांची.** शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में शनिवार 11 अप्रैल 2026 को शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा. शिक्षक नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगें रखीं.ज्ञापन में शिक्षकों ने ज्ञश्वज्ञ की अनिवार्यता समाप्त करने एवं सेवा अवधि की गणना नियुक्ति तिथि से किए जाने की मांग की. साथ ही संबंधित आदेशों को निरस्त कर शिक्षकों को राहत प्रदान करने की अपील की गई.शिक्षकों ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था के कारण उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए शासन को इस विषय में संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र निर्णय लेना चाहिए.इस दौरान उमेश सिंह ठाकुर, सीताराम रैकवार, रशीद मोहम्मद, रमेश आर्य, दुर्गा प्रसाद यादव, सूर्य प्रकाश सक्सेना, हरिराम विश्वकर्मा, राजकुमार खत्री सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे.

# दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का आधार हैं कार्यकर्ता- विधायक

**खास बातें**
- भाजपा स्थापना दिवस पर गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत जनसंवाद
- स्वच्छता अभियान और कृषि मेले में भागीदारी का आह्वान



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा.** यह गर्व की बात है कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसका आधार उसका कार्यकर्ता है. भाजपा का मूल मंत्र सत्ता का संचालन नहीं बल्कि जनता की सेवा करना है और राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए नव राष्ट्र निर्माण करना इसका मुख्य उद्देश्य है. यह बात गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने ग्राम गमाखर में भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कही.

उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को उसके अधिकार, न्याय और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर केंद्रित है. नारी सशक्तिकरण के माध्यम से आदर्श और सभ्य समाज निर्माण भाजपा का लक्ष्य है. साथ ही भारतीय संस्कृति, सभ्यता, संस्कार और मूल इतिहास की रक्षा करना पार्टी का प्रथम कर्तव्य है.विधायक रघुवंशी ने कहा कि भाजपा परिवारवाद, क्षेत्रवाद, वंशवाद, जातिवाद और अवसरवाद से दूर रहकर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत पर कार्य करती है, जिससे पार्टी को निरंतर जनसमर्थन मिल रहा है. उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और नागरिकों से 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया.कार्यक्रम के अंतर्गत विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने नगर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर हितग्राहियों से सीधा संवाद किया. इस दौरान वरिष्ठ एवं प्रवृद्धजनों का सम्मान कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया गया. गांधी चौक स्थित राम जानकी मंदिर और महात्मा गांधी प्रतिमा के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई भी की गई.भाजपा के स्थापना दिवस पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विधायक गंजबासौदा विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव और वार्ड-वार्ड में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं. साथ ही योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद कर उनके अनुभव साझा किए जा रहे हैं.इस दौरान ग्राम हिरनोदा, करोंदा खुर्द, गमाखर एवं नगर के वार्ड क्रमांक 17 गांधी चौक सहित विभिन्न बूथों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए. कार्यक्रमों में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया. साथ ही अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के बीच विशेष संपर्क एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं.

### किसानों से कृषि मेले में पहुंचने की अपील

विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने 11 से 13 अप्रैल तक रायसेन जिले में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कृषि मेले को किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की.

**परेशानी** | **5 साल बाद भी नहीं पूरी हुई परियोजना, ट्यूबवेल जवाब दे रहे; 20 अप्रैल तक सप्लाई शुरू करने का दावा**

# करोड़ों की जल योजना अधूरी, सांची में गहराया पेयजल संकट



**नवभारत न्यूज**
**सांची. विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक नगरी सांची में घर-घर जलापूर्ति का सपना अब तक अधूरा है. करोड़ों रुपए की लागत से शुरू की गई जल योजना पांच साल बाद भी पूरी नहीं हो सकी, जिससे नगर में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है.**


हालात यह हैं कि नगर के कई ट्यूबवेल जवाब दे चुके हैं, जबकि शेष का जलस्तर भी तेजी से गिर रहा है. इसके चलते लोगों को मटमैला और दूषित पानी मिलने की शिकायतें बढ़ गई हैं.जानकारी के अनुसार, करीब 1.25 करोड़ रुपए की लागत से जल संवर्धन योजना शुरू की गई थी, जिसका क्रियान्वयन मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड को सौंपा गया था. वर्ष 2020 में शुरू हुई इस परियोजना को 2023 तक पूरा किया जाना था, लेकिन 2026 में भी यह अधूरी है.शुरुआत में हलाली डेम से पानी लाने की योजना बनाई गई थी, जिसे बाद में बदलकर लगभग 12 किलोमीटर दूर मरमटा नदी से जल लाने का निर्णय लिया गया. इसके तहत हेडगेवार कॉलोनी में फिल्टर प्लांट बनाया गया और नगर में पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों की खुदाई की गई. साथ ही दो पानी की टंकियां भी बनाई गईं, लेकिन इसके बावजूद घर-घर जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी.परियोजना में देरी और लापरवाही को लेकर नगर परिषद की बैठकों में कंपनी को कई बार चेतावनी दी गई, लेकिन इसका असर नजर नहीं आया. प्रशासन के निर्देश भी कंपनी पर बेअसर रहे, जिसका खामियाजा आम जनता भुगत रही है.नगर परिषद के अनुसार, 19 ट्यूबवेल में से 5 पूरी तरह बंद हो चुके हैं, जबकि बाकी 14 का जलस्तर भी लगातार गिर रहा है. भीषण गर्मी के बीच यह स्थिति और गंभीर हो गई है.इस मामले को लेकर नगर में कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं. लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं मिले, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल खड़े हो रहे हैं.

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने कहा कि कंपनी को एक सप्ताह के भीतर जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं.सीएमओ रामलाल कुश्वाह ने बताया कि निरीक्षण के बाद कंपनी ने 20 अप्रैल तक जलापूर्ति शुरू करने का आश्वासन दिया है.वहीं अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के इंजीनियर आकाश का कहना है कि अधिकांश लाइनों की टेस्टिंग पूरी हो चुकी है और 20 अप्रैल तक सप्लाई शुरू कर दी जाएगी.फिलहाल करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी सांची के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं और अब सभी की नजरें 20 अप्रैल की तय तारीख पर टिकी हुई हैं.

## कायस्थ समाज विकास कल्याण समिति के अध्यक्ष बने प्रदीप श्रीवास्तव

- चित्रगुप्त मंदिर में सर्वसम्मति से हुआ मनोनयन, समाजजनों ने किया भव्य स्वागत



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,नगर से सटे ग्राम बेहलोट स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ समाज विकास कल्याण समिति के नए अध्यक्ष के रूप में राधा कृष्ण पुरम निवासी सेवानिवृत्त शासकीय शिक्षक प्रदीप श्रीवास्तव को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया.**

इस अवसर पर समिति के पूर्व अध्यक्ष महेश नारायण श्रीवास्तव ने नव नियुक्त अध्यक्ष का तिलक एवं पुष्पहार पहनाकर स्वागत और सम्मान किया. कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.उल्लेखनीय है कि प्रदीप श्रीवास्तव लंबे समय से चित्रगुप्त मंदिर में सक्रिय रूप से सेवाएं देते रहे हैं. उनके सेवाभाव एवं सामाजिक कार्यों में निरंतर सहभागिता को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है.नवनियुक्त अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव ने इस अवसर पर समाज के सभी वरिष्ठजनों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए समाज के हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया.इस मौके पर महेश नारायण श्रीवास्तव, कैलाश नारायण श्रीवास्तव, अवधेश नारायण श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, शिव नारायण सक्सेना, रामबाबू श्रीवास्तव, दीपक निगम, एड. राजेश सक्सेना, मनोज श्रीवास्तव, उमेश माथुर, विपुल खरे, नितीश कुमार श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, राहुल माथुर, रवि माथुर, राजकुमार श्रीवास्तव (सरपंच), इंद्रेश सक्सेना, जितेंद्र सक्सेना, ज्ञानू श्रीवास्तव, अभिषेक माथुर, आशीष श्रीवास्तव सहित मातृशक्ति में श्रीमती आरती श्रीवास्तव, श्रीमती रेनू श्रीवास्तव, श्रीमती रेखा श्रीवास्तव, श्रीमती स्नेह लता श्रीवास्तव, श्रीमती प्रियंका माथुर, श्रीमती श्वेता खरे, श्रीमती सुनीता माथुर, श्रीमती सोनिया माथुर एवं श्रीमती मालती श्रीवास्तव आदि ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं.